# ब्रैकीथेरेपी से ठीक हुआ कैंसर



**भोपाल (काप्र)।**

दमोह जिले के एक गाँव की रहने वाली 32 साल की रश्मि (बदला हुआ नाम) पिछले 7 महीने से निचले होंठ पर एक छाला पड़ने के कारण दर्द से परेशान रहा करती थी, ना खाना खा सकती थी ना पानी पी सकती थी। पूरे जिले में तमाम डॉक्टरों को दिखाने के बाद पता चला कि होंठ में कैंसर हो गया है। तब गाँव वालों की सलाह पर एम्स में आकर दिखाया। एम्स भोपाल के रेडियोथेरेपी विभाग के डॉक्टरों ने रश्मि का परीक्षण कर ब्रैकीथेरेपी करने का फैसला किया। डॉ. विपिन खराड़े ने रेडियोथेरेपी विभाग के डॉ. मनीष गुप्ता और डॉ. सैकत दास के मार्गदर्शन में इलाज करना शुरु किया और केवल एक हफ्ते के इलाज के बाद ही होंठ का कैंसर पूरी तरह से ठीक हो गया। और इलाज पर भी कोई खर्च नहीं हुआ क्योंकि उनके पास आयुष्मान योजना का कार्ड भी था। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

ब्रैकीथेरेपी में रेडिएशन सोर्स को ट्यूमर के अंदर उसके पास रख जाता है। इसमें उपयोग किए जाने वाले ज्यादातर रेडिएशन सोर्स- रेडिएशन आइसोटोप होते हैं जो कम उर्जा वाली गामा किरणों को उत्सर्जित करते है। इसलिए इसमें हाई डोज उपचार के साथ-साथ ट्यूमर के आस-पास वाले अंग सुरक्षित रहते हैं और उन्हें कोई नुकसान भी नहीं होता। अन्य परिस्थितियों में ऑपरेशन द्वारा कैंसर ग्रस्त ट्यूमर को निकाल कर प्लास्टिक सर्जरी करने की आवश्यकता पड़ती है। कैंसर ट्यूमर तक दवा पहुँचाने के लिए रेडिएशन आइसोटोप को शरीर के प्रभावित हिस्से में रखना होता है जिसके लिए इंटरस्टिशियल सुईयों सहित विभिन्न एप्लीकेटर विकसित किए गए हैं। इन एप्लीकेटर का डिजाईन ट्यूमर के आकार, प्रकार और स्थान के आधार पर निर्धारित होता है। मध्य प्रदेश के केवल कुछ चुनिंदा अस्पतालों में ही यह सुविधा उपलब्ध है।

# निशा बांगरे के चुनाव लड़ने पर असमंजस बरकरार

**भोपाल (काप्र)।**

**एक महीने तक सुर्खियों में रही डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने इस्तीफा स्वीकार करने के अगले ही दिन विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। निशा बांगरे गुरुवार या शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल कर सकती है।**

हालांकि, उनके चुनाव लडने़ पर फिलहाल असमंजस बना हुआ है। क्योंकि यह अभी तय नहीं है कि वे कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतरेंगी या फिर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी। लेकिन निशा बांगरे का कहना है कि कांग्रेस ने उन्हें आमला (बैतूल) से टिकट देने का वादा किया था। वैसे कांग्रेस ने अब तक निशा बांगरे को अपना उम्मीदवार बनाने की कोई अधिकृत घोषणा नहीं की है। लेकिन निशा बांगरे के इस्तीफे के बाद से आमला सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को बदलने कीअटकलें तेज हो गई हैं। कांग्रेस ने आमला सीट पर मनोज मालवे को अपना उममीदवार बनाया है। जबकि भाजपा ने मौजूदा विधायक योगेश पंडागरे को टिकट दिया है। हम बता दें कि 2018 के विधानसभा चुनाव में मनोज मालवे भाजपा के योगेश पंडागरे से 1। हजार वोटों से हार गए थे। जबकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राकेश महाले 15 हजार वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे थे। राजनीतिक विज्ञानियों का कहना है कि आमला विधानसभा सीट पर अब टिकट बदलने और निशा बांगरे के निर्दलीय चुनाव लडने़, दोनों ही स्थिति में कांग्रेस को बड़ा नुकसान हो सकता है। क्योंकि मनोजमालवे इस सीट पर पिछले पांच साल से तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में टिकट बदलने पर उनके निर्दलीय चुनाव लडने़ की आशंका है और कांग्रेस को नुकसान हो सकता है।



प्रदेश की पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर फिर चर्चा में आ गई। पहले इस्तीफा मामले को लेकर चर्चाओं में थीं तो अब कांग्रेस पर सवाल उठाकर उन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है, जिसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि निशा बांगरे कांग्रेस की टिकट पर आमला से चुनाव लड़ सकती हैं। इसी बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए चुनाव लड़ने और पार्टी टिकट के संबंध में खुलासा करते हुए ऐसा कुछ कह दिया है, जिससे राजनीतिक गलियारे में एक बार फिर उनकी चर्चा हो रही है। निशा बांगरे ने पोस्ट में नमस्कार बंधुओं के संबोधन के साथ ही लिखा है, कि 'सभी के सवाल हैं कि आप किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगी? मैं बताना चाहूंगी कि मुझे कांग्रेस द्वारा आश्वासन दिया गया था कि अंतिम 2 दिनों तक आपके इस्तीफे का इंतजार किया जायेगा। अब आज कांग्रेस की परीक्षा की घड़ी है। कांग्रेस बताए कि मेरे संघर्ष में भाजपा को दलित और महिला विरोधी ठहराने वाली खुद दलितों और महिलाओं की कितनी पक्षधर है? आज कमलनाथ जी से मिलना चाहूंगी। वो अपना स्टैंड क्लियर करें। चुनाव तो आमला सारणी की जनता मेरे चेहरे पर लड़ेगी ही। परिणाम कुछ भी हो, फर्क नहीं पड़ता। जय हिन्द।

सोशल मीडिया पर निशा बांगरे की इस पोस्ट को लेकर चर्चा गर्म है कि कांग्रेस पहले ही आमला से अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, ऐसे में क्या वो टिकट रिप्लेस कर पाएगी। वैसे पार्टी सूत्र और जानकार तो यही कह रहे हैं कि जब तक बी फार्म नहीं मिल जाता, तब तक पार्टी अपना कैंडिडेट बदल सकती है। अब दिल्ली में होने जा रही पार्टी नेताओं की बैठक में यह फैसला लिया जा सकता है कि निशा बांगरे पार्टी टिकट से चुनाव मैदान में होंगी या वो स्वतंत्र होंगी अपना फैसला लेने के लिये।

# प्रदेश के कर्मचारियों को मिल सकता है महंगाई भत्ते का लाभ

**भोपाल (काप्र)।**

**केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में लिए चार प्रतिशत की वृद्धि का लाभ मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को भी मिल सकता है।**

इसके लिए शासन द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समन्वय समिति के माध्यम से प्रस्ताव केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजा जा सकता है। प्रदेश में कर्मचारियों को अभी 42 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। राज्य सरकार की यह नीति रही है कि केंद्रीय कर्मचारियों का जब महंगाई भत्ता बढ़ाया जाता है तो उसके अनुसार ही प्रदेश में भी वृद्धि की जाती है। राज्य में साढ़े सात लाख कर्मचारी हैं। दीपावली से पहले रेल कर्मचारियों को बोनस दिए जाने में फिर रतलाम मंडल भारतीय रेलवे में सबसे आगे रहा है। बुधवार शाम रेलवे बोर्ड से बोनस भुगतान के आदेश मिलते ही रेलमंडल के लेखा विभाग ने तत्परता दिखाई और शाम छह बजे तक बोनस राशि कर्मचारियों के खातों में आने लगी। रतलाम, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, देवास, महू सहित मंडल में अन्य स्थानों पर पदस्थ कुल 12782 कर्मचारियों को बोनस के लिए 22,94,49,682 रुपये बजट जारी कर दिया। प्रत्येक कर्मचारी के लिए 78 दिन के वेतन के मान से 17951 रुपये का बोनस दिया गया है। गत चार वर्षों से रतलाम मंडल बोनस भुगतान में अव्वल रहा है। बुधवार को आदेश आने के बाद सीनियर डीएफएम मानसी सिंह के निर्देश पर लेखा विभाग के कर्मचारी बोनस की गणना सहित भुगतान की प्रकिया में जुट गए। आइटी इंचार्ज रघुवीर मोहतो ने बताया कि सबसे तेजी से बोनस भुगतान की प्रक्रिया रतलाम मंडल ने पूरी की। शाम को ही रेलवे के सेवानिवृत कर्मचारियों को भुगतान प्रक्रिया शुरू की गई। बोनस मिलते ही कर्मचारियों के चेहरों पर भी मुस्कान आ गई। नवरात्र में बोनस राशि मिलने के बाद अब बाजार में खरीदारी को भी गति मिलेगी।

# बेटी की मौत के बाद से डिप्रेशन में जी रही मां ने लगाई फांसी

**भोपाल(काप्र)।**

**राजधानी के टीटी नगर थाना इलाके में रहने वाली विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका बीते दो सालो से मानसिक रुप से बीमार चल रही थी, जिसका परिवार वाले डॉक्टर से इलाज भी करा रहे थे।**

थाना पुलिस ने बताया कि जवाहर चौक 12 दफ्तर में स्थित झरनेश्वर मंदिर के पास रहने वाले भैयालाल कीर श्यामला हिल्स के एक नामी होटल में हाउस कीपिंग का काम करते हैं। करीब आठ साल पहले उनकी शादी मूल बुधनी की रहने वाली माया कीर (30) से हुई थी। परिवार में पत्नि माया सहित तीन बच्चे । साल की बेटी चंचल, 5 साल की बेटी प्रियांशी और तीन साल का एक बेटा हैं। परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि माया घरेलू महिला थी, तीसरे बच्चे के जन्म के बाद माया की मानसिक हालत बिगड़ने के कारण वो काफी डिप्रेशन में रहने लगी थीं। हालांकि परिवार वाले उसका उपचार करा रहे थे। बीते दिन भैयालाल अपने काम पर गए हुए थे। इस दौरान बच्चे घर के बाहर झांकी के पास खेल रहे थे। शाम करीब आठ बजे बड़ी बेटी चंचल घर के भीतर आई तो उसे मॉ शव फंदे पर लटका नजर आया। उसके शोर की आवाज सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने जैसै-तैसै माया को फंदे से उतारकर तत्काल ही इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद में उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। शुरुआती बातचीत में परिजनो ने पुलिस को माया मानसिक रूप से बीमार रहने और उसका इलाज जारी होने की बात बताई है। फिलहाल मर्ग कायम कर पुलिस आगे की जॉच कर रही है।

# डेंगू को लेकर मलेरिया विभाग और निगम अमला सक्रिय

**भोपाल (काप्र)।**

**नगर निगम एवं मलेरिया विभाग की समन्वय बैठक आई.एस.बी.टी. सभागार में कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

कलेक्टर द्वारा नगर निगम कमिश्नर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे को डेंगू की रोकथाम के लिए निर्देश दिए गए। नगर निगम के स्वास्थ्य अमले के साथ सयुक्त प्लान तैयार किया गया हैं, जिसमे शहर के संवेदनशील इलाको में लार्वा सर्वे के साथ स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जाए। डेंगू पाए गए एरिया में एक सप्ताह तक लगातार फॉगिंग का कार्य नगर निगम द्वारा किया जाए, जिससे संक्रमित मच्छर को खत्म किया जा सके। मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि 25 से 31 अक्टूबर तक सघन अभियान चला कर लार्वा विनाष्टीकरण की कार्यवाही की जाएगी। जलभराव वाली जगहों पर गंबुसिया मछली डाली जाए। मलेरिया कार्यालय की टीम के साथ नगर निगम कि टीम स्प्रे एवं चालान की कार्यवाही करेगी। बुधवार को भोपाल के सभी 21 जोन में 1301 घरों का सर्वे किया गया । नगर निगम द्वारा कुल तीन हजार 300 रुपए के चालान किए गए। इंद्रपुरी में मलेरिया, नगर निगम, एंबेड टीम द्वारा भी डेंगू नियंत्रण के लिए सघन जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

## छह प्रकरणों में 4200 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला



नगर निगम द्वारा डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम एवं उनसे बचाव हेतु नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु कार्यवाही निरंतर की जा रही है। उक्त कार्यवाही के तहत नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला निरंतर घर-घर जाकर डेंगू लार्वा की जांच कर रहा है। इसी तारतम्य में वार्ड क्र. 63 के अंतर्गत रत्नागिरी, इन्द्रपुरी आदि क्षेत्रों में 06 घरों में डेंगू लार्वा पाए जाने पर निगम के अमले ने 06 प्रकरणों में 04 हजार 200 रुपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए और डेंगू जैसी बीमारियों के बचाव हेतु उपाय करने की समझाइश भी दी। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने जिला मलेरिया विभाग के अमले के साथ संयुक्त रूप से जोन क्र. 15 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू लार्वा की जांच की और रत्नागिरी एवं सोनागिरी सी-सेक्टर क्षेत्र में 06 घरों में डेंगू लार्वा पाया गया जिस पर निगम अमले ने 06 प्रकरणों में 04 हजार 200 रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूली।

# रैली निकाल कर दिया मतदान करने का संदेश

**भोपाल।** विधानसभा निर्वाचन - 2023 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप प्लान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग बालिका छात्रावास की छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर मतदान का महत्व और जानकारी दी। साथ ही मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक करने के साथ निर्भीक, निष्पक्ष और नैतिक मतदान की शपथ भी दिलाई।



राजधानी स्थित कालीबाड़ी में बंगाली समाज के लोगों ने खेली माताजी के संग सिंदूर होली।

# दीपावली उपहारों पर रहेगी आयकर विभाग की नजर

**भोपाल।** चुनावी माहौल में त्योहारों का सीजन और विधानसभा चुनाव को लेकर आयकर विभाग सक्रिय हो गया है। दीपावली पर दीए जानें वाले गिफ्टों पर अब आयकर विभाग की नजर होगी। इसके लिए सभी जिलों में विभाग के अफसर की विशेष तैनाती की गई है। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले है। ऐसे में लगी आचार संहिता के चलते पुलिस की नजर चप्पे चप्पे पर है। इसी बीच दीपावली का त्योहार आने वाला है, ऐसे में आयकर विभाग की नजर गिफ्टों पर होगी। इसके साथ ही बैंक खाता और नगदी के लेन देन पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए सभी जिलों में विभाग के अफसर की विशेष तैनाती की गई है।

# ई-मीडिया में राजनैतिक विज्ञापनों का प्रसारण बिना प्रमाणन के नहीं हो सकेगा

**भोपाल (काप्र)।**

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी, केबल नेटवर्क, रेडियो, बल्क मेसेज, वॉइसमेसेज, ई-न्यूज पेपर आदि में राजनैतिक विज्ञापनो का प्रसारण सक्षम एमसीएमसी समिति (दलों के लिए राज्य स्तरीय एमसीएमसी समिति एवं अभ्यर्थी के लिये जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति) के प्रमाणन के बगैर नहीं हो सकेगा।**

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजनैतिक दलों अथवा अभ्यर्थियों के द्वारा आडियो-विजूअल कैम्पेन मे प्रयोग किया जाने वाला कोई भी विज्ञापन बिना एमसीएमसी के प्रमाणन के नहीं चलाया जा सकेगा।इसी के साथ सिनेमा घरों में भी राजनैतिक विज्ञापनो का प्रसारण बिना एमसीएमसी समिति के प्रमाणन के नहीं किया जायेगा। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति, संचालक, अभ्यर्थी आदि के खिलाफ प्रावधानानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसके अंतर्गत उपकरणो का जब्त किया जाना भी शामिल है। कलेक्टर ने उक्त का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने हेतु निगरानी दलों को सक्रिय रहने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि रजिस्ट्रीकृत राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दल तथा निर्वाचन लडने वाला प्रत्येक अभ्यर्थी जो विज्ञापन जारी करने का प्रस्ताव करता है उसे ऐसे विज्ञापन के प्रसारण की प्रारंभ की प्रस्तावित तिथि से कम से कम तीन दिन पूर्व आवेदन एवं अन्य व्यक्ति या गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के मामले में कम से कम 7 दिन पूर्व सक्षम समिति के समक्ष आवेदन निर्धारित प्रपत्र मे समस्त आवश्यक प्रविष्टियों समेत समिति को प्रस्तुत करना होगा।

**स्पेशल खबर** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा....

# विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

**भोपाल (काप्र)।**

**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिये सामान्य प्रेक्षक किये नियुक्त। भारत निर्वाचन आयोग ने 149- बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए कांतीलाल डाडे आईएएस 1999 को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है।**

इनके लाइजनिंग अधिकारी के रूप में सत्यप्रकाश सैनी, उप संचालक, मो. 9926816531 और मनोज चौधरी सहायक ग्रेड-3, मत्स्य विभाग, मो. 7225874370 रहेंगे। 150-भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लिए राजेश कुमार यादव आईएएस 1996 को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है, इनके लाइजनिंग अधिकारी के रूप में प्रदीप तिवारी मो. 9425153753 जिला खनिज अधिकारी, कार्यालय खनिज शाखा भोपाल और ए नागले मो. 9425134320 सहायक खनिज अधिकारी, कार्यालय खनिज शाखा भोपाल लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है । 151- नरेला विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रवीण एन गोदाम आईएएस 2002 को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है, इनके लाइजनिंग अधिकारी के रूप में अजय कुमार श्रीवास्तव मो. 9425013044 कन्ट्रोलर, विधानसभा और पूरन सिंह मो. 9425375238 एसडीओ रहेंगे।

इसी प्रकार 152- भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए ज्योति प्रकाश दास आईएएस 2010 को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है, इनके लाइजनिंग अधिकारी के रूप में मनोज कुमार मिश्रा मो. 9424974078 कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग सचिन गजविये मो. 9424974078 उपयंत्री को लाइजनिंग अधिकारी पदस्थ किया गया है। 153-भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र के लिए दीपेन्द्र कुमार आईएएस 2007 को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है, इनके लाइजनिंग अधिकारी के रूप में सुधीर श्रीवास्तव मो. 9827606100 सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, भोपाल और शाहिद खान, मो. 9039017990 अधीक्षक, आदिम जाति कल्याण विभाग, भोपाल लाइजनिंग अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। 154- गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए संदीप जे जैकस आईएएस 2009 को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है,इनके लाइजनिंग अधिकारी के रूप में बी एस कुशवाहा मो. 8770040911 सहायक संचालक, उद्यानिकी भोपाल और केसी जयसवाल मो. 9425028673 हार्टीकल्चर एक्सटेंशन अधिकारी, हार्टीकल्चर विभाग भोपाल लाइजनिंग अधिकारी रहेंगे । 155- हुजूर विधानसभा क्षेत्र के लिए तलत परवेज आईएएस 2006 को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है ,इनके लाइजनिंग अधिकारी के रूप में सुनील सोलंकी मो. 9425047133 जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल और अखिलेश चतुर्वेदी सहायक परियोजना अधिकारी को लाइजनिंग अधिकारी बनाया गया है। समस्त 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए डॉ मनोज कुमार आईएएस 2006 को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया है। इनके लाइजनिंग अधिकारी के रूप में डॉ अजय रामटेके 9425450951 एवं ब्रजेश शर्मा 9893002888 को नियुक्त किया है।